Regarding need for Medical Facilities in border areas of Rajasthan

श्री उम्मेदा राम बेनीवाल **(बाड़मेर) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं बाड़मेर, बालोतरा और जैसलमेर जैसे सीमावर्ती मरूस्थलीय जिलों में स्वास्थ्य अवसंरचना तथा विशेषज्ञ सेवाओं में विद्यमान गंभीर कमियों की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG)की राजस्थान में सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचचना पर प्रदर्शन लेखा परीक्षा, 2024 के अनुसार इन जिलों में डॉक्टरों, विशेषज्ञ चिकित्सकों,नर्सों तथा पैरामेडिकल स्टाफ की भारी कमी का उल्लेख किया गया है । भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानक के अंतर्गत सुनिश्चित की गई न्यूनतम सेवाएं जैसे जनरल सर्जरी, बाल रोग, अस्थि रोग, आपातकालीन सेवाएं, आईसीयू, ब्लड बैंक एवं बर्न यूनिट जैसी सुविधा कई जिला अस्पतालों में उपलब्ध नहीं हैं । राजस्थान की 34 जिला अस्पतालों में से 12 जिला अस्पतालों में रेडियोलॉजी सेवाएं अपर्याप्त हैं एवं पैथोलॉजी की सेवाएं भी आंशिक रूप से उपलब्ध हैं । बाड़मेर जिला अस्पताल में बिस्तरों की कमी है एवं दो साल से सी.टी. स्केन मशीन बंद पड़ी हुई है,जो जिला अस्पताल व्यवस्था नहीं करवा पा रहा है और कैथलैब की भी कमी है । इन कमियों के कारण मरीजों को दूर जोधपुर या अहमदाबाद तक जाना पड़ता है, जहां ज्यादा से ज्यादा मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं । मेरी सरकार से मांग है एवं माननीय अध्यक्ष महोदय से अनुरोध करता हूं कि इन सीमावर्ती जिला अस्पतालों में सुविधाएं दी जाएं । (व्यवधान)